समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 17 October 2026

अक्टूबर 2025 से बंद हो जाएगा Windows 10 का सपोर्ट ! भारत सरकार ने जारी की चेतावनी, जानिए क्या करना चाहिए।

Publisher

Published on 28 Jun 2025

भारत सरकार की CERT-In ने विंडोज 10 यूज़र्स को दी चेतावनी, समय रहते Windows 11 पर करे अपग्रेड वरना बढ़ सकता है साइबर अटैक का खतरा।

Windows 10 यूज़र्स के लिए अलर्ट ! अक्टूबर 2025 के बाद नहीं मिलेगा सपोर्ट

अगर आप अभी भी **Windows 10 ऑपरेटिंग सिस्टम** का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपके लिए यह एक बड़ा अलर्ट है। **Microsoft** ने घोषणा की है कि वह **अक्टूबर 2025 से Windows 10** के लिए सभी प्रकार के आधिकारिक **सपोर्ट, सिक्योरिटी अपडेट** और तकनीकी सहायता बंद कर देगा।

भारत सरकार की इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT-In) ने इस पर **21 जून 2025** को एक एडवाइजरी जारी कर लोगों को आगाह किया है।

CERT-In की एडवाइजरी मे क्या कहा गया ?

CERT-In की एडवाइजरी के मुताबिक: "Windows 10 सपोर्ट बंद होने के बाद यूज़र्स को साइबर हमलों का गंभीर खतरा रहेगा। ऐसे में Windows 11 पर समय रहते अपग्रेड करना या फिर Microsoft की पेड एक्सटेंडेड सिक्योरिटी अपडेट (ESU) सेवा को लेना जरूरी है।"

अगर यूज़र **Windows 10** ही इस्तेमाल करते रहेंगे तो उन्हें **सिक्योरिटी अपडेट्स** नहीं मिलेंगे, जिससे सिस्टम आसानी से हैक हो सकता है।

१. **क्या Windows 10 पर बने रहना खतरनाक होगा ?**

बिल्कुल !

२. **सुरक्षा पैच नहीं मिलने से सिस्टम हैकर्स के लिए सॉफ्ट टारगेट बन जाएगा।**

३. **डेटा लीक, वायरस अटैक और रैंसमवेयर जैसे खतरों की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी।**

४. **कोई तकनीकी सहायता भी उपलब्ध नहीं होगी।**

विंडोज 11 मे अपग्रेड की चुनौती

हालांकि **Microsoft ने Windows 11** लॉन्च कर दिया है, लेकिन **TPM 2.0** चिप की अनिवार्यता के चलते कई पुराने पीसी अपग्रेड के लायक नहीं हैं। ऐसे में करोड़ों यूज़र्स के पास नया पीसी खरीदने का ही विकल्प रह गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अब भी दुनियाभर में **60% से अधिक विंडोज पीसी Windows 10** पर चल रहे हैं।

Windows 11 क्यों है खास ?

१. **आधुनिक और आकर्षक यूजर इंटरफेस**

२. **AI फीचर्स और बेहतर परफॉर्मेंस**

३. **सेटर मे स्टार्ट मेन्यू**

४. **बेहतर सेक्योरिटी और स्टेबिलिटी**

यूज़र्स क्या करे ?

यदि आप **Windows 10 यूज़र** हैं तो जल्द से जल्द इन विकल्पों पर विचार करें:

१. **अगर आपका सिस्टम कंपेटिबल है तो Windows 11 मे फ्री अपग्रेड करे।**

२. **अगर नहीं है, तो Microsoft से पेड सिक्योरिटी सपोर्ट प्लान ले।**

३. **या फिर नया कंपेटिबल पीसी खरीदे।**

४. **आपकी साइबर सुरक्षा, डेटा की सुरक्षा और ऑपरेटिंग सिस्टम की विश्वसनीयता के लिए यह फैसला जरूरी है।**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.